THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI HANUMANTHAIYA) : (a) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

मध्य रेलवे के झांसी डिवीजन के कोतरा स्टेशन पर गार्डों को लूटे जाने की घटनायें

6097. **डा० गोविन्द दास रिछारिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के झांसी डिवीजन के कोतरा स्टेशन पर गत 22 जून को माल गाड़ियों के दो गार्डों को लूटे जाने की कोई घटना हुई ; और

(ख) क्या मामले की जांच की गई थी और यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) जी, नहीं । झांसी मंडल में कोत्रा स्टेशन पर मालगाड़ी के दो गार्डों को लूटने की कोई घटना नहीं हुई । लेकिन 22-6-1971 को मालगाड़ी नं० पी 35 डाउन के एक गार्ड श्री जे० डी० शर्मा पर कोत्रा स्टेशन पर किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा लाठी से हमला किया गया था जैसा कि गार्ड ने गाड़ी के अन्तपेठ स्टेशन पर पहुंचने के बाद वहां के सहायक स्टेशन मास्टर को रिपोर्ट की थी ।

(ख) ग्वालियर की सरकारी रेलवे पुलिस ने भारतीय रेल अधिनियम की धारा 121 के अन्तर्गत एक मामला दर्ज कर लिया है जिस की जांच-पड़ताल की जा रही है । अभी तक कोई गिरफ्तार नहीं किया गया है ।

मध्य रेलवे के "रीजनल कैश आफिस" झांसी में कम पायी गयी नकद राशि

6098. **डा० गोविन्द दास रिछारिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत जून में मध्य रेलवे के 'रीजनल कैश आफिस', झांसी में आई कुछ तिजोरियों में हजारों रुपयों की नकद राशि कम पाई गई ; और

(ख) क्या मामले की जांच कर ली गई थी और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) झांसी के क्षेत्रीय रोकड़ कार्यालय ने 24-6-1971 को मथुरा स्टेशन की आमदनी में 23,282.80 रुपये की राशि कम होने की रिपोर्ट की थी ।

(ख) 1-7-1971 को झांसी की सरकारी रेलवे पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 379/409 के अन्तर्गत एक मामला दर्ज किया था और उसकी जांच की जा रही है । अब तक कोई गिरफ्तारी या रुपये की वसूली नहीं हुई है । रेल अधिकारियों द्वारा विभागीय जांच की जा रही है ।

Channel of Promotion of Clerks, Typists and Stenographers on Railways

6099. SHRI P. L. BARUPAL :
SHRI CHANDRIKA PRASAD :

Will the Minister of RAILWAYS pleased to be state :

(a) the normal recruitment conditions for Clerks, Typists and Stenographers on Indian Railways ;

(b) the pay scales of the categories of staff as referred to in part (a) above ; and

(c) what are the normal channels of promotion for the staff referred to in part (a) above and up to what pay scales and categories ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI HANUMANTHAIYA) : (a) Normal recruitment conditions :

(i) **Clerks Grade II** :

The candidates should have passed Matriculation or its equivalent examination with English as compulsory subject and be between 18-25 years of age.